smc
Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 13 सितम्बर 2019

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
इलायची (सितम्बर)	13-सितम्बर-19	3131.40	साइडवेज	09.09.19	2913.90	-
इलायची (अक्टूबर)	15-अक्टूबर-19	2902.20	साइडवेज	06.09.19	2739.80	-
धनिया (सितम्बर)	20-सितम्बर-19	5981.00	मंदी	22.07.19	6894.00	6200.00
धनिया (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	6126.00	मंदी	22.07.19	6811.00	6300.00
जीरा (सितम्बर)	20-सितम्बर-19	17025.00	मंदी	02.08.19	17255.00	17400.00
जीरा (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	16835.00	मंदी	02.08.19	17075.00	17250.00
हल्दी (सितम्बर)	20-सितम्बर-19	6346.00	मंदी	22.08.19	6804.00	6650.00
हल्दी (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	6560.00	मंदी	22.08.19	6886.00	6850.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ (सितम्बर)	30-सितम्बर-19	555.60	मंदी	05.09.19	556.80	569.00
सीपीओ (अक्टूबर)	31-अक्टूबर-19	559.20	मंदी	05.09.19	560.00	572.00
रिफाइंड सोयातेल(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	750.85	मंदी	09.09.19	743.65	756.00
रिफाइंड सोयातेल(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	756.15	मंदी	09.09.19	748.95	760.00
आर एम सीड(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	3914.00	मंदी	05.08.19	3927.00	3980.00
आर एम सीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	3985.00	मंदी	05.08.19	3898.00	4020.00
सोयाबीन(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	3891.00	तेजी	09.08.19	3652.00	3655.00
सोयाबीन (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	3710.00	तेजी	26.08.19	3562.00	3480.00

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
कैस्टरसीड(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	5730.00	तेजी	31.07.19	5734.00	5560.00
कैस्टरसीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	5804.00	तेजी	31.07.19	5666.00	5680.00
कॉटनऑयलसीडकेक(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	3598.50	तेजी	27.08.19	3247.00	3160.00
कॉटनऑयलसीडकेक(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	2127.50	तेजी	09.09.19	2166.50	2110.00
ग्वारसीड(सितम्बर)	20-सितम्बर-19	4256.50	मंदी	22.08.19	4276.50	4320.00
ग्वारसीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	4182.00	मंदी	22.08.19	4286.00	4320.00
मेंथा तेल(सितम्बर)	30-सितम्बर-19	1293.90	तेजी	09.09.19	1311.60	1260.00
मेंथा तेल(अक्टूबर)	31-अक्टूबर-19	1309.70	तेजी	09.09.19	1327.20	1270.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेन्दू	3130.00	3150.00	-0.63
धनिया	कोटा	6467.35	6467.35	0.00
जीरा	ऊंझा	17170.70	17214.10	-0.25
हल्दी	निजामाबाद	6540.90	6540.90	0.00

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	555.80	557.00	-0.22
आरएम सीड	जयपुर	4172.90	4162.15	0.26
रिफाइंड सोयातेल	मुंबई	747.55	748.85	-0.17
सोयाबीन	इंदौर	3889.00	3860.00	0.75

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	3388.75	3342.40	1.39
कॉटन	कड़ी	19839.70	20078.75	-1.19
चीनी एम	कोल्हापुर	3600.00	3600.00	0.00
गेहूं	दिल्ली	2139.15	2140.00	-0.04

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में बढ़ोतरी होने पर 6670 के नजदीक रेजिस्टेंस के साथ बिकवाली हो सकती है और कीमतें 6600 के सपोर्ट स्तर से नीचे टूट सकती हैं। 2019-20 (जुलाई-जून) फसल वर्ष में बेहतर उत्पादन के अनुमान से कीमतों में नरमी का रूझान है। तेलंगाना राज्य कृषि विभाग के अनुसार, 28 अगस्त तक राज्य में हल्दी का उत्पादन क्षेत्र 48,177 हेक्टेयर था जबकि समान अवधि में एक साल पहले 47,122 हेक्टेयर था। तेलंगाना के बेंचमार्क बाजार निजामाबाद में फिंगर वेराइटी की कीमत लगभग 6400 रू प्रति 100 किग्रा रही है जबकि बल्ब वेराइटी की कीमत 6200 रू प्रति 100 किग्रा रही है। जीरा वायदा (अक्टूबर) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती हैं और 16750 रू तक गिरावट हो सकती है। पर्याप्त आपूर्ति के कारण जीरे की कीमतों में कुल मिलाकर नरमी का रूझान बना हुआ है। गुजरात के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में अच्छी बारिश के कारण मिट्टी में उच्च नमी की मात्रा होने से किसान जीरे के उत्पादन क्षेत्र में बढ़ोतरी कर सकते है और सेंटीमेंट कमजोर रह सकता है। धनिया वायदा (अक्टूबर) की कीमतें 6000 के स्तर पर सपोर्ट के साथ स्थिर रह सकती हैं। कारोबारी घरेलू मांग में तेजी आने की उम्मीद कर रहे है और रोजाना सप्लाई में गिरावट की उम्मीद है। रामगंज में, बदामी किस्म की धनिया 7,000 रुपये प्रति 100 किलोग्राम और ईगल किस्म 7,500 रुपये में बेची गई है। इलायची वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में 2800 के स्तर के निकट सपोर्ट के साथ तेजी देखने को मिल सकती है। 2019-20 (जुलाई-जून) में उत्पादन में तेज गिरावट के कारण नई फसलों की आवक कम रहने की उम्मीद है।

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में तेजी के रूझान के साथ 3750-3780 रू के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अगस्त और सितम्बर में भारी भारी बारिश के कारण मध्यप्रदेश में सोयाबीन की खड़ी फसल को नुकसान हो सकता है। अभी भी लगातार बारिश हो रही है और राहत के कोई आसार नही हैं। इससे उत्पादकता बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। चीन को सोयाबीन निर्यात में बढ़ोतरी होने और दोनों देशों के बीच विवाद में कमी की संभावना से सीबोट में सोयाबीन की कीमतों में एक महीने के उच्च स्तर पर बढ़ोतरी हुई है। सीबीओटी पर, अमेरिकी सोयाबीन वायदा (नवम्बर) की कीमतें कल 29 सेंट की बढ़त के साथ 8.95 डॉलर प्रति बुशेल से ऊपर कारोबार कर रही हैं। अमेरिकी कृषि विभाग ने अमेरिकी सोयबीन की उत्पादकता को अगस्त के 48.5 बुशेल/एकड़ से कम करके 47.2 बुशेल/एकड़ रहने का अनुमान लगाया है, जिससे कीमतों को मदद मिली। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी के रूझान पर सोया तेल वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में 760-762 रू तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। सीबोट में अमेरिकी सोया तेल की कीमतों में 1.1% की बढ़ोतरी हुई है । सीपीओ वायदा (सितम्बर) की कीमतें 552-558 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। भारत से पॉम तेलों की मांग प्रतिद्वन्द्वी देश इंडोनेशिया से होने की संभावना के कारण बीएमडी में पॉम ऑयल की कीमतों में एक हफ्ते के उच्च स्तर से गिरावट हुई है।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में 19860-19900 रू तक बढ़त दर्ज किए जाने की संभावना है और कीमतों को 19600 रू के स्तर पर सपोर्ट रहने की संभावना है। भारतीय कपास संगठन के अनुसार सितम्बर में समाप्त होने वाले सीजन 2018-19 में कपास का शेष स्टॉक पिछले पांच वर्षो में सबसे कम 15 लाख बेल रह सकता है। अक्टूबर 2018 से अगस्त 2019 के बीच कपास की कुल सप्लाई 363 लाख बेल रहने का अनुमान है, जिसमें 33 लाख बेल शुरूआती स्टॉक है और 31 अगस्त तक 307 लाख बेल कपास की आवक और 23 लाख बेल आयात शामिल है । चना वायदा (मई) की कीमतों में हर शॉर्ट कवरिंग के बाद 4100 के नजदीक रेजिस्टेंस के साथ बिकवाली का दबाव बना रह सकता है। सरकार ने कहा कि देश में दालों की कोई कमी नहीं है। मौजूदा वर्ष में सरकार के पास कुल 307 लाख टन दाल उपलब्ध हैं, जिनमें से 290 लाख टन की खपत होने का अनुमान है। पिछले वर्ष की तुलना में कम उत्पादन होने की संभावना से कैस्टरसीड वायदा (अक्टूबर) की कीमतों को 5775 रू के स्तर पर सपोर्ट बरकरार रहने की संभावना है और नई फसल की आवक में कम से कम छह महीने की देरी होने के कारण सप्लाई में कमी हो सकती है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।